**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 18.09.2020 को मध्यान्ह 12:00/1:00 बजे सम्पन्न 13वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह<br>कुलपति<br>एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>प्रति–कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 3. | श्री अजय जौहरी<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल कानपुर। | सदस्य |
| 4. | डा0 नीरज कुमार सिंह<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 5. | श्री राजेश सिंह<br>वित्त नियंत्रक,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 6. | श्रीमती ऐश्वर्या<br>वित्त एवं लेखाधिकारी,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |

समिति की बैठक सदस्यों के परिचयोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रारम्भ हुई।

**13.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 10/06/2020 मध्यान्ह 12:30 बजे सम्पन्न 12वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा दिनांक 10/06/2020 को सम्पन्न वित्त समिति की 12वी बैठक के कार्यवृत्त पर किसी सदस्य की कोई टिप्पणी/टीकायें प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

13.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 10/06/2020 को अपरान्ह 12.30 बजे सम्पन्न 12वीं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।

समिति ने वित्त समिति की दिनांक 10.06.2020 को सम्पन्न 12वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाहियों को संज्ञान में लिया तथा कृत कार्यवाही के अधीन वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.02.2020 के मद 11.03 के अन्तर्गत व्याधिक्य के संबंध में प्रस्तुत किये गये विवरण/औचित्य को संज्ञान में लेते हुए वित्तीय वर्ष 2019—20 में आय—व्ययक के अन्तर्गत हुए वास्तविक व्यय पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**13:03 वित्तीय वर्ष 2020—21 में अनुमोदित आय—व्ययक के सापेक्ष 31 अगस्त, 2020 तक वास्तविक व्यय के प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2020—21 में अनुमोदित आय—व्ययक के सापेक्ष 31 अगस्त, 2020 तक हुए व्यय को संज्ञान में लिया गया।

**13.04 बाह्य एजेन्सियों, डी0एस0टी0, यू0पी0सी0एस0टी0, डी0आई0सी0—आई0आई0 टी0 कानपुर, पं0दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम एवं ए0 के0 टी0यू0 लखनऊ द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अन्तर्गत दिनांक 31.08.2020 तक व्यय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रस्तुत व्यय का अवलोकन किया गया तथा निर्देश दिया कि पं0दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम एवं ए0के0टी0यू0लखनऊ द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत की गयी धनराशि को वित्तीय वर्ष 2020—21 में शीघ्र नियमानुसार व्यय की जाय।

**13:05 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में ई—आफिस की स्थापना किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रस्ताव के क्रम में तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन हेतु एक तकनीकी विशेषज्ञ समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए गये एवं समिति से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी तथा यह भी निर्देश दिए गये कि समिति की तकनीकी व वित्तीय मूल्यांकन रिपोर्ट निर्णय हेतु कार्य परिषद में रखी जाय।

**13.06. विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 14.09.2020 को सम्पन्न 12वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की केन्द्रीय क्रय समिति की 12वीं बैठक का कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए एजेण्डा मद संख्याः 12.03.05 के क्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 से दरें भी प्राप्त किये जाने निर्देश दिये गये।

**13:07 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।**

**13.07:01 विश्वविद्यालय संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों से शैक्षिक सत्र 2020–21 में विभिन्न शुल्क आदि में राहत दिये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त छात्रावास शुल्क के अन्तर्गत 1. Accommodation Charges Rs. 4000.00 2.Hostel electricity & water Charges Rs.7500.00 का शुल्क प्रवेश के समय लिया जाय तथा उक्त शुल्क की प्रतिपूर्ति समाज कल्याण विभाग अथवा अन्य स्त्रोत से न प्राप्त होने पर शैक्षिक सत्र 2020–21 में प्रवेशित छात्र–छात्राओं को छात्रावास में निवासरत अवधि/माह के शुल्क का अनुपातिक रूप से समायोजन करते हुए शेष शुल्क छात्र–छात्राओं को वापस करने एवं शैक्षिक शुल्क के अन्तर्गत 1.Computing Infra Charges Rs. 7000.00 2. Computer Stationery Charges Rs. 2000.00 का शुल्क प्रवेश के समय लिया जाय तथा विश्वविद्यालय खुलने के बाद Prorata basis पर उक्त शुल्क की प्रतिपूर्ति समाज कल्याण विभाग अथवा अन्य स्त्रोत से न प्राप्त होने पर शैक्षिक सत्र 2020–21 में प्रवेशित छात्र–छात्राओं को वापस किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**13.07:02. विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.09.2020 को सम्पन्न 9वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा भवन एवं निर्माण समिति की बैठक दिनांक 14/9/2020 के कार्यवृत्त को संज्ञान में लिया गया।

**13.07:03. विश्वविद्यालय की बचत/सावधि धनराशि को राष्ट्रीयकृत बैंकों में रखे जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के कम में निर्देश दिए गये कि विश्वविद्यालय के खाते राष्ट्रीयकृत बैंकों में खोले जाए एवं वर्तमान में गैर राष्ट्रीयकृत बैंकों में फीस आदि के कलेक्शन हेतु जो खाते खुले हुए है, उनसे समय–समय पर खातों में जमा की गयी धनराशि का अधिकतम भाग राष्ट्रीयकृत बैंकों में खुले खातों में हस्तान्तरित कर लिया जाए एवं शुल्क जमा कार्यवाही के उपरान्त खातों का मिलान कराते हुए सम्पूर्ण धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक में खुले खाते में हस्तान्तरित कर ली जाय, जो सावधि जमा गैर राष्ट्रीयकृत बैंक में है उसकी परिपक्वता पर उसकी मूल एवं ब्याज धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक खाते में हस्तान्तरित कर ली जाय। विश्वविद्यालय की सावधि जमा राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही की जाय।

(राजेश सिंह)
सदस्य–सचिव,
वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
अध्यक्ष,
वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर